तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 15 जुलाई 2025













छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
▸कोपा ▸इलेक्ट्रिशियन
▸हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸डीजल मैकेनिक
▸फायर टेक्नालॉजी
▸स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-18/07/25


## आरोपी की गिरफ्तारी के लिए ग्रामीणों ने सिटी कोतवाली का किया घेराव

# शराब बिक्री रोकने गए सरपंच पर चाकू से जानलेवा हमला, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय अंतर्गत ग्राम गैतरा में सोमवार को उस समय सनसनी फैल गई जब गांव के सरपंच भागीरथी कुर्रे पर एक युवक ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमला उस वक्त हुआ जब सरपंच गांव में अवैध शराब बिक्री की शिकायत पर समझाइश देने गए थे। गंभीर रूप से घायल सरपंच को तत्काल निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है।

घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सैकड़ों की संख्या में बलौदाबाजार सिटी कोतवाली का घेराव करते हुए आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक साहिल वर्मा उर्फ मोक्ष वर्मा को हिरासत में ले लिया है।

बलौदाबाजार पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की विवेचना जारी है। पुलिस के अनुसार, आरोपी की गतिविधियों पर पूर्व से ही संदेह था और उसके विरुद्ध शराब तस्करी संबंधी शिकायतें भी दर्ज हैं।



### पूर्व से आपराधिक प्रवृत्ति क है आरोपी

स्थानीय लोगों के अनुसार, आरोपी साहिल वर्मा उर्फ मोक्ष वर्मा लंबे समय से अवैध शराब बिक्री एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है। गांव में अपराध और डर का माहौल बनाए रखने के आरोप भी उस पर लगे हैं।

### ग्रामीणों का प्रदर्शन, पुलिस की त्वरित कार्रवाई

घटना के बाद पूरे गांव में तनाव का माहौल बन गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण सिटी कोतवाली पहुंचे और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए जमकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए धारा 296, 351(2), 109 बीएनएस तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया।



### चाकू से पेट पर किया वार

उपसरपंच सुखराम यादव की लिखित शिकायत पर दर्ज एफआईआर के अनुसार, सरपंच भागीरथी कुर्रे 14 जुलाई को दोपहर 1.30 बजे ग्राम निवासी साहिल वर्मा के घर शराब बिक्री संबंधी विवाद सुलझाने पहुंचे थे। इसी दौरान आरोपी ने पहले गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी, फिर पास में रखे चाकू से सरपंच के पेट में वार कर दिया।प्रत्यक्षदर्शी उमेश कुमार रजक ने बताया, मैं पास में मकान निर्माण कार्य देख रहा था, तभी अचानक मोक्ष वर्मा आया और सरपंच पर हमला कर फरार हो गया।

# छात्रों से भरा ई-रिक्शा पलटा, बाल-बाल बचे छात्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा



फाईल फोटो

भाटापारा-निपनिया मार्ग में 1 किमी दूर ग्राम सुरजपुरा के पास एक निजी स्कूल के छोटे बच्चों को ला रही एक ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें बैठे करीब 6 बच्चे जो नर्सरी से प्रथम कक्षा के थे, उन्हें चोटे आई है। दोपहर करीब 12 बजे इन बच्चों को स्कूल के शिक्षक द्वारा इलाज हेतु सिविल अस्पताल लाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी गई।

■ छात्रों का प्राथमिक उपचार के बाद दी गई छुट्टी

मौके पर मौजूद शिक्षकों ने बताया कि उक्त ई रिक्शा जो की प्राइवेट था, उसमें बच्चे बैठकर स्कूल आए थे। किसी भी बच्चे को कोई गंभीर चोट नहीं आई है। हालांकि जब तक उन बच्चों का इलाज चल रहा था, स्कूल प्रबंधन भी चिंता में था। चिकित्सकों ने प्रारंभिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी। इस संबंध में शहर टी आई शशांक सिंह ठाकुर का कहना है कि पेट्रोलिंग पुलिस बल को भेज कर जानकारी मंगाई गई। टी आई ठाकुर ने यह भी कहा नगर के सभी स्कूलों के समय अब नियमित स्कूल लगे और छूटने क के समय पेट्रोलिंग की जाएगी।

वही क्षमता से अधिक अगर किसी भी ऑटो, ई रिक्शा, वेन, बस में बच्चे पाए गए तो चालानी कार्रवाई की जाएगी। शहर के चारों दिशाओं के सभी स्कूल प्रबंधन को भी सूचना दी जा रही है कि जिन वाहनों में बच्चे या अन्य क्लास के छात्र-छात्राएं आते हैं उसकी गति नियंत्रण राखी जाए।

### तेज गति से वाहन चलाने वालों के खिलाफ चालान के निर्देश

दूसरी ओर जिला पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने भी सभी स्कूल प्रबंधन ने कहा है कि बच्चों का लाने ले जाने वाले वाहनों पर नियंत्रण व सख्ती बरते एवं शहर में तेज गति से चलने वाले वाहन के खिलाफ चलने करवाई किए जाने का निर्देश दिए। ज्ञात हो कि शहर में स्कूलों में आने जाने वाले वहां चाहे ई रिक्शा हो या वन बस यह समय को देखकर इनकी गति बढ़ जाती है और यही वजह है कि दुर्घटना की संभावना प्रबल हो जाती है।

## खबर संक्षेप



### जपं सभापति ने पीएम आवास में किया पौधारोपण

**सिमगा**। जनपद सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे ने समरसता का परिचय देते हुए ग्राम पंचायत हरिन भट्ठा में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत बने मकान में पौधारोपण कर हरियाली का संदेश दिया। गांव में आवास योजना अंतर्गत जितने भी मकान बने हैं सभी जगहों जगह पौधारोपण किया गया। साथ ही सभी आवास हितग्राहियों से अपील की कि पेड़ बनते तक उक्त पौधों की देखभाल करें। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि रंजीत सोनवानी, रोजगार सहायक नम्रता बंजारे, गोकुल गेंडरे, राजकिशोर नवरंगे सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### आपदा पीड़ित 3 परिवारों को 12 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार**। प्राकृतिक आपदा से मृत 3 लोगों के निकट परिजनों के लिए 12 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 11 एवं 14 जुलाई को ये स्वीकृतियां प्रदान की। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों में राजकुमारी गेंडरे पति स्व. अशोक गेंडरे, निवासी ग्राम मुड़पार तहसील सुहेला, उत्तम कुमार पिता स्व. संतलाल, निवासी ग्राम सिरियाडीह, तहसील लवन एवं रोशनी जांगड़े पति स्व. राजकुमार जांगडे, निवासी ग्राम मुसवा नवागांव तहसील सिमगा शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के सर्पदंश, तालाब के पानी मे डुबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### शराब पीने की सुविधा देने वाले आरोपी पर कार्रवाई

**महासमुंद**। सरायपाली पुलिस ने शराब पीने-पिलाने की सुविधा दे रहे एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने ग्राम झालपाली के गुलाल भास्कर पिता तुलाराम भास्कर (60 साल) के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।


# मारपीट की घटना का फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

थाना क्षेत्र के ग्राम तोरा में पुरानी रंजिश के चलते हुई एक गंभीर मारपीट की घटना में पुलिस ने एक फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके पहले 15 आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।विदित हो कि मारपीट की घटना 4 जुलाई की रात घटित हुई थी, जिसमें हमले में घायल तमराज महिपाल की इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

■ घटना को अंजाम देने वाले अब तक सभी आरोपी गिरफ्तार

जानकारी के अनुसार प्रार्थी अमन मंडले निवासी ग्राम तोरा ने 5 जुलाई को पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया गया कि 4 जुलाई की रात लगभग 8 बजे दो ईको वाहन से आए आरोपियों ने अमन मंडले एवं उसके परिवारजनों पर एक राय होकर गाली-गलौज करते हुए जानलेवा हमला कर दिया। हमले में डंडा, हाथ मुक्का और नुकीली धातु का उपयोग किया गया। इस हमले में तमराज महिपाल गंभीर रूप से घायल हो गया था था, जिनकी रायपुर ले जाते समय मृत्यु हो गई।



प्रकरण में सिमगा पुलिस ने अमन मंडले की रिपोर्ट पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 296, 351(3), 115(2), 191(2), 191(3), 109(3), 103(1) के तहत अपराध दर्ज कर जांच प्रारंभ की। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में अब तक 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका था। वहीं, एक फरार आरोपी 23 वर्ष लक्ष्मण वर्मा, निवासी ग्राम देवरी थाना भाटापारा ग्रामीण को पुलिस ने 14 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पूछताछ में आरोपी लक्ष्मण वर्मा ने पुरानी रंजिश के चलते अपने साथियों के साथ मिलकर हमला करने की बात स्वीकार की। अब इस प्रकरण में शामिल सभी 16 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। सिमगा पुलिस मामले की आगे की विवेचना कर रही है।

# पुलिस की वर्दी में आरक्षक ने की ठगी, बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

साइबर अपराध के मामले में बलौदाबाजार पुलिस ने एक आरक्षक को गिरफ्तार किया है। पुलिस विभाग की छवि को धूमिल करने वाले एक गंभीर प्रकरण में सारंगढ़-बिलाईगढ़ में पदस्थ पुलिस आरक्षक हेमंत नायक को गिरफ्तार कर सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। इस मामले में आरक्षक पर फर्जी ईमेल आईडी बनाकर बैंकिंग संबंधित कार्यों में लोगों से अवैध रूप से धन वसूली करने का आरोप सिद्ध हुआ है। जांच में पता चला कि हेमंत नायक ने पुलिस विभाग की फर्जी पहचान ईमेल का उपयोग करते हुए संबंधित व्यक्तियों को ठगने का कार्य ▸▸ शेष पेज 11 पर



### 2 से 3 करोड़ रुपए की वसूली की आशंका

इस मामले में बलौदाबाजार पुलिस द्वारा अब तक कितने रुपए की ठगी की गई है इस बात का खुलासा नहीं किया गया है। जानकारी मिली है कि आरक्षक द्वारा 2 से 3 करोड़ रुपए की वसूली की गई है। पूर्व में आरक्षक साइबर सेल टेक्निकल टीम का सदस्य था, सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि जब 2 साल पूर्व की यह बात है तो बलौदाबाजार पुलिस उसे इतनी देरी से क्यों गिरफ्तार की। इस ठगी के पीछे किसी अन्य का भी सहयोग से इंकार नहीं किया जा सकता। एक सामान्य आरक्षक इतनी बड़ी ठगी को अंजाम दे सकता है। यह बात संदेह के घेरे में आती है। बलौदाबाजार पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने कहा कि अभी जांच जारी है, अब तो जांच से पता चलेगा कि आरक्षक द्वारा कितने रकम की अवैध वसूली की गई है।

### आवेदकों से खाता फ्रीज-डीफ्रीज कराने के नाम पर वसूली राशि

पिछले वर्ष 3 जुलाई को प्राप्त एक शिकायत आवेदन की जांच में यह तथ्य सामने आया कि आरक्षक हेमंत नायक ने अपनी पूर्व पदस्थापना अवधि के दौरान जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में विभिन्न आवेदकों से खाता फ्रीज-डीफ्रीज कराने के नाम पर पैसे वसूले थे। इसके अतिरिक्त, उसके विरुद्ध इसी प्रकार के अन्य धोखाधड़ी के मामलों में भी शिकायतें प्राप्त हुई थीं। शिकायतों की प्रारंभिक जांच में आरोप प्रमाणित पाए जाने पर, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सिटी कोतवाली थाना प्रभारी को अपराध पंजीबद्ध कर जांच आरंभ करने के निर्देश दिए गए।

# डबल लॉक में भण्डारित उर्वरक जल्द पहुंचेगा समितियों में

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को कृषि, सहकारिता, विपणन सहित अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में खाद-बीज की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने डबल लॉक में भण्डारित उर्वरकों को शीघ्र समितियों में पहुंचाकर किसानों को वितरित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि विकासखंड मुख्यालयों में स्थित डबल लॉक में भण्डारित उर्वरकों को समितियों तक शीघ्र पहुंचाएं ताकि किसानों को समय पर जरूरत के अनुसार उर्वरक उपलब्ध हो सके। उन्होंने किसानों को ▸▸ शेष पेज 11 पर



# अलग-अलग स्थानों से 19 लीटर महुआ शराब जब्त, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

संभागीय उड़नदस्ता रायपुर संभाग तथा जिला आबकारी टीम बलौदाबाजार द्वारा पलारी वृत्त क्षेत्र के थाना गिधपुरी अंतर्गत ग्राम जुनवानी में मिलान कोसले पिता साध राम के कब्जे से 10.5 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। महुआ शराब का बाजार मूल्य 2100 आंका गया। इसी प्रकार भाटापारा वृत्त क्षेत्र के थाना भाटापारा ग्रामीण अंतर्गत ग्राम डिग्गी में आबकारी विभाग की टीम द्वारा आरोपी पूरन सिंह पिता मंशा सिंह जोगी के कब्जे से 9.0 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जब्त की गई। देशी मदिरा मसाला का बाजार मूल्य 5000 होना पाया। उक्त कार्यवाहियों में आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) एवं 59(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। कार्यवाहियों ▸▸ शेष पेज 11 पर





# टीचर्स एसोसिएशन ने डीईओ का किया स्वागत



**पलारी**। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. कोमल वैष्णव के नेतृत्व में बलौदाबाजार के नये जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे का स्वागत किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. कोमल वैष्णव, जिला अध्यक्ष देवेश वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष तोमर डोंडे, जिला संयोजक खेलावन घृतलहरे, जिला सचिव सीएम साहू, महेंद्र वैष्णव आदि उपस्थित थे।


हरिभूमि
पाठक सूचना
भाटापारा एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो साथ ही समाचार पत्र, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
आयुष न्यूज एजेंसी
पता : जयस्तंभ चौक-भाटापारा
संजीव तिवारी (संवाददाता)
98271-66722
99262-91392


# विधायक इंद्र साव ने एक पेड़ मां के नाम नए विधानसभा में किया पौधा रोपण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत विधान सभा कार्यवाही के पश्चात विधायक इंद्र साव ने भी नए विधानसभा परिसर में पौधारोपण करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक बताया।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन की कार्यवाही के पश्चात समस्त विधायकों ने नए विधानसभा परिसर पर पौधा रोपण किया। क्षेत्र के कांग्रेस विधायक इंद्र साव ने भी एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण किया। विधायक साव ने चर्चा में कहा कि प्रकृति की सुंदरता और भविष्य को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को ना केवल पौधारोपण करना चाहिए बल्कि उसका संरक्षण भी करना चाहिए। प्रकृति जीवन देने के साथ साथ बिना किसी स्वार्थ के अपनापन भी देती हैं। पौधरोपण से हम न केवल पर्यावरण को सुरक्षित करते हैं, बल्कि भावी पीढ़ियों को स्वच्छ ताजी हवा और स्वस्थ वातावरण मिलता है। इस दौरान सभी विधायकों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में हिस्सा लेकर नए विधानसभा परिसर में पौधारोपण किया।


बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI ▸ BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 98261-76302

## खबर संक्षेप



### चालीहा महोत्सव की शुरुआत 16 से, ब्रोशर का विमोचन

**रायपुर।** सिंधी समाज रायपुर और थावानी परिवार द्वारा 16 जुलाई से भव्य चालीहा महोत्सव मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम अहमदाबाद के साईं शेहरा वाले के सानिध्य व आशीर्वाद से होगा। इसी कड़ी में रविवार को चालीहा महोत्सव के ब्रोशर का विमोचन किया गया। यह महोत्सव 40 दिनों तक चलने वाला एक महत्वपूर्ण उत्सव है, जो भगवान झूलेलाल को समर्पित है। इस महोत्सव के दौरान सिंधी समुदाय के लोग भगवान झूलेलाल की पूजा करते हैं और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेते हैं, जिससे साधना करने वालों की सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस मौके पर साईं शेहरा वाले दरबार के सेवादारी महेश रोहरा, मुकेश थावानी, सुभाष बजाज व तनेश आहूजा ने बताया कि विमोचन के अवसर पर पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, महेश दरयानी, बलराम आहूजा, कैलाश बालानी, विकास रूपरेला, कैलाश खेमानी, प्रहलाद शादीजा, अनिल लाहौरी, राजू चंदनानी, मनीष पंजवानी आदि उपस्थित थे।

### मिनीमाता स्मृति दिवस और प्रतिभा सम्मान 11 को



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद व गुरुमाता स्व. मिनीमाता की 53वीं पुण्यतिथि 11 अगस्त को स्मृति दिवस के रूप में मनाई जाएगी। साथ ही सतनामी समाज के 10वीं और 12वीं बोर्ड के प्रतिभावान बच्चों और उत्कृष्ट महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। यह निर्णय रविवार को न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में आयोजित सतनामी समाज की बैठक में लिया गया। आयोजन समिति संरक्षक शकुन डहरिया, अध्यक्ष केपी खण्डे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने तय कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि राजधानी में मुख्य आयोजन 11 अगस्त को वृंदावन हॉल में होगा, जहां माताजी की अनुकरणीय कार्यों को यादकर उनकी स्मृति में मंगल भजन और संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसके पूर्व समाजजन पंडरी पुराना बस स्टैंड स्थित मिनीमाता की आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेंगे। बैठक में डॉ. जेआर सोनी, डीएस पात्रे, सुंदरलाल जोगी, चंपादेवी गेंदले, जीआर बाघमारे, आशा पात्रे, संगीता पाटले, गोंदा बारले, ममता कुर्रे, सुमन गीत घृतलहरे, सरस्वती राघव, शुभांजली गायकवाड़, मोतीलाल टंडन सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

### पीआर यादव अध्यक्ष उमेश बने महामंत्री



**रायपुर।** बिलासपुर स्थित प्रार्थना सभा भवन में रविवार को पेंशनर्स एसोसिएशन का प्रथम प्रांतीय अधिवेशन का आयोजन किया गया। इस अधिवेशन में निर्वाचन अधिकारी जीआर चंद्रा, सहायक निर्वाचन अधिकारी किशोर शर्मा द्वारा निर्वाचन विधिवत संपन्न कराया। इस निर्वाचन में पीआर यादव को प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री उमेश मुदलियार, प्रांतीय सचिव सीएल दुबे, आरपी सिंह उपाध्यक्ष तथा कोषाध्यक्ष के पद पर सर्वसम्मति से निर्वाचित हुए।

### विधायक ही सुरक्षित नहीं तो आम आदमी का क्या होगा

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में जब विधायक ही सुरक्षित नहीं तो आम आदमी सुरक्षित कैसे होगा। छत्तीसगढ़ के आरंग विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक गुरु खुशवंत साहेब की गाड़ी पर 12 जुलाई को बेमेतरा जिले में अचानक पत्थरबाजी की गई, यह सुरक्षा व्यवस्था की बड़ी चूक है।

# व्यापम ने पूछा-जल का घरेलू स्त्रोत, बुलडोजर की खासियत, काली मिट्टी से क्यों नहीं बनाते नींव?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत इंजीनियर के रिक्त पदों के लिए भर्ती परीक्षा रविवार को आयोजित की गई। व्यावसायिक परीक्षा मंडल को इस परीक्षा के लिए 22 हजार आवेदन मिले थे। इनमें से 80 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने परीक्षा दिलाई। पीडब्लयूडी के अंतर्गत उपअभियंता के 113 पदों पर भर्ती होनी है। इसमें सिविल इंजीनियर के 96 तथा विद्युत-यांत्रिकी के 17 पद शामिल हैं। उक्त परीक्षा में अभ्यर्थियों की उपस्थिति पिछली भर्ती परीक्षाओं से अधिक रही। केंद्रों के रिक्त रहने अथवा विद्यार्थियों से अधिक संख्या अभ्यर्थियों के रहने जैसी स्थिति निर्मित नहीं हुई।

परीक्षा पूर्व जांच के लिए अभ्यर्थियों को एक घंटे पूर्व बुलाया गया था। सभी केंद्रों में जैमर लगाए गए थे। राजधानी रायपुर के केंद्रों में नकल प्रकरण अथवा किसी तरह की अव्यवस्था संबंधित शिकायत खबर लिखे जाने तक सामने नहीं आई थी। गौरतलब है कि इस भर्ती परीक्षा के दौरान बिलासपुर में एक अभ्यर्थी को नकल करते हुए पकड़ा गया है।

### इस तरह के सवाल

- निर्माण संबंधित विस्तृत ब्यौरा देकर पूछा कि उक्त निर्माण में छड़ों की दूरी कितनी होनी चाहिए।
- क्षैतिज बीम को क्या कहते हैं?
- काली दोमट मिट्टी नींव के लिए अनुपयुक्त क्यों होती है?
- ब्रिक्स में बने फ्रॉग्स अर्थात ईंटों के मध्य बने छोटे से गड्ढे का क्या उपयोग होता है?
- कितने बड़े मिट्टी के कण के लिए छलनी लागू होती है?
- जल का सबसे आम घरेलू स्त्रोत क्या है?
- सीमेंट किसके साथ मिलकर गिला क्रंकीट बनाता है?
- बुलडोजर की विशेषता, संघनन ऊर्जा, कंक्रीट मिक्सचर सहित निर्माण कार्य संबंधित सवाल भी पूछे गए।



- व्यापम को मिले थे 22 हजार आवेदन, 80% रही उपस्थिति
- इंजीनियर भर्ती परीक्षा : सिविल के 96 और विद्युत-यांत्रिकी के 17 पदों के लिए निकाले गए थे विज्ञापन

### कुछ रोचक, कुछ ने उलझाया

सिविल इंजीनियर भर्ती परीक्षा में पूछे गए भवन निर्माण से जुड़े सवाल रोचक रहे। कई ऐसे तकनीकी सवाल भी रहे, जिसने अभ्यर्थियों को परेशान किया। विद्युत-यांत्रिकी भर्ती परीक्षा में भी यही स्थिति रही। इसकी तुलना में सिविल के सवाल अधिक सरल रहे। परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों के अनुसार, जिन सवालों में तकनीकी पक्ष की अधिकता थी, उन्हें हल करने में समय लगा। सामान्य जानकारी जिन सवालों के जरिए पूछी गई, उनमें अधिक वक्त नहीं लगा क्योंकि इनका स्तर औसत था। अभ्यर्थियों से 100 सवाल पूछे गए। एक ही पाली में यह परीक्षा हुई।

## हवा-पानी में टूट कर बिखर गई बुजुर्गों के लिए बनाई बांस की झोपड़ी

# आक्सीजोन की बिगड़ी सेहत, हरे-भरे लॉन की जगह पर कंक्रीट बिछा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर के प्राइम लोकेशन पर स्थित आक्सीजोन की तबीयत बिगड़ गयी है, लोगों को खुले आसमान के नीचे सांस लेने शुद्ध हवा और आंखों को सुकून देने वाले पेड़ पौधों देखरेख के अभाव में सूखने लगे हैं। आकसीजोन में जिस जगह पर लोग जूते-चप्पल उताकर नंगे पांव हरी-भरी घासनुमा लॉन में इत्मीनान के साथ टहलने जाया करते, उस जगह को पाटकर कंक्रीटीकरण कर बाक्स क्रिकेट बनाया जा रहा है। इससे सीनियर सिटीजन और युवा नाखुश हैं।

बुजुर्गो के सुस्ताने के लिए बनाई गयी बांस के खपच्ची वाली झोपड़ी भी हवा-पानी में टूटकर बिखर गयी, इसे अब तक सुधारा नहीं गया है। वन विकास निगम ने ईएसी कालोनी स्थित 19 एकड़ जगह को संवारते हुए आक्सीजोन का स्वरूप दिया, पर उसकी देखरेख करने में नगर निगम फिसड्डी साबित हो रहा है।

### पोखर की देखरेख नहीं, गंदगी पसरी, फौवारा भी नदारद

आक्सीजोन में प्राकृतिक रूप से पोखर विकसित कर वहां आकर्षक फौवारा लगाया गया, ताकि आने-जाने वाले लोग उस जगह की सुंदरता को करीब से देख सकें। एक सुंदर मछलीनुमा आकृति बनाई गई है, पर साफ-सफाई नहीं होने से बदरंग हो गयी है। परिसर में छोटा सा पुल भी बना है जिसे पार कर बच्चे व बुजुर्ग एक छोर से दूसरे छोर तक आ जा सकते हैं। इसमें लगायी गई लोहे की रैलिंग में जंग लग गयी है, नीचे हिस्से में लगाये गये लकड़ी के पटिये धंसकर गिरने लगे हैं। इससे बच्चों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। यही नहीं, फूलदार पौधे भी अब गिनती के रह गये।

### 19 एकड़ क्षेत्र में विकसित आक्सीजोन को संभाल नहीं पा रहा निगम





### जंग खा रहे झूले और एक्सरसाइज के उपकरण

बच्चों के खेलकूद और स्वस्थ मनोरंजन के लिए आक्सीजोन में आकर्षक झूले और फिसल पट्टी की व्यवस्था की गयी है। इनमें से कुछ झूले में जंग लगना शुरू हो गया है। एक्सरसाइज के लिए लगाये गये इक्वीपमेंट के नट बोल्ट ढीले हो गए हैं। एक अरसे से इनकी मरम्मत नहीं करायी जा रही है। आक्सीजोन परिसर में निर्मित हनुमान मंदिर में प्रति शनिवार और मंगलवार को सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम की ओर से हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाता है। यहां सुबह-शाम बड़ी संख्या में वरिष्ठजन जुटते हैं। इसी तरह योग करने वालों की टीम अपने सदस्यों के साथ योग और प्राणायाम करने आती है। इससे आक्सीजोन परिसर में चहल-पहल बनी रहती है।

### नए सिरे से बनाएंगे बांस की झोपड़ी

आक्सीजोन परिसर में बांस से बनी झोपड़ी लोगों के विश्राम करने के लिए बनाई गई है, हवा में यह झोपड़ी टूटकर नीचे गिर गयी है, इसे नए सिरे से बनवाएंगे। इसके लिए स्वीकृति ले रहे हैं। बच्चे खड़े होकर क्रिकेट खेल सकें, इसके लिए बाक्स क्रिकेट बनवाया जा रहा है।

**- अरुण ध्रुव,** कमिश्नर, जोन क्रमांक 4, नगर निगम रायपुर

## आरोपी के पिता ने एयरगन से मारी गोली

# किशोरी का अपहरण कर जबरन मांग में सिंदूर भर किया रेप







हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- किशोरी की मां की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों को किया गिरफ्तार

टिकरापारा थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व किशोरी को झांसा देकर कार में अपहरण कर ले जाने तथा मांग में जबरन सिंदूर भर रेप करने तथा किशोरी को एयरगन से गोली मारने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में किशोरी का अपहरण करने का आरोपी युवक, उसका दोस्त तथा युवक का पिता शामिल है।

किशोरी का अपहरण कर रेप करने के आरोप में सरगुजा निवासी किशोर गाईन, उसका पिता कन्हाई गाईन तथा विक्की उर्फ समर विश्वास को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। किशोरी की मां ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि पिछले वर्ष 22 अप्रैल को किशोर अपने दोस्त के साथ उसके घर पहुंचा और उसकी बेटी को किशोर कार में सैर कराने के बहाने अपहरण कर अपने साथ ले जाकर कार में जबरन उसकी बेटी की मांग में सिंदूर भर उसे साथी शादी करने का झांसा देकर एक माह तक बंधक बनाकर घर में रेप किया। विरोध करने तथा विवाद करने पर किशोरी की पीठ पर आरोपी के पिता ने एयरगन से गोली मारकर घायल कर दिया। एफआईआर दर्ज होने के बाद किशोर उसके पिता तथा दोस्त फरार हो गए। आरोपियों की पतासाजी कर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया।

# रविवि में पहली बार 5 साल पूर्ण होने के पहले ही आएगी नैक टीम, 25 को दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि में नैक की टीम 25 जुलाई को आएगी। यह पहली बार है जब पांच वर्ष पूर्ण होने के पहले ही नैक टीम ग्रेडिंग के लिए आ रही है। ऐसा इसलिए हुआ है, क्योंकि रविवि ने ग्रेडिंग को लेकर असंतुष्टि जताई थी। दो वर्ष पूर्व 2023 में ग्रेडिंग के दौरान नैक टीम ने रविवि से ए ग्रेड छीनकर उसे बी ग्रेड प्रदान कर दिया था। नियमतः यदि कोई संस्थान अपने ग्रेडिंग से संतुष्ट नहीं होता है, तो वह दोबारा ग्रेडिंग के लिए निश्चित अंतराल के बाद दोबारा आवेदन दे सकता है।

रविवि ने भी अपने ग्रेड से असंतुष्ट होने के कारण पुनः ग्रेडिंग के लिए आवेदन दिया था। आवेदन के बाद दी जाने वाली एसएसआर अर्थात सेल्फ असेसमेंट रिपोर्ट पहले ही भेजी जा चुकी है। अब नैक टीम के सदस्य विश्वविद्यालय आकर आगे की प्रक्रिया पूर्ण करेंगे। जुलाई माह में निरीक्षण के बाद उम्मीद की जा रही है कि रविवि को अगस्त माह में नया ग्रेड मिल जाएगा।

- दो वर्ष पूर्व ग्रेडिंग के दौरान ए ग्रेड छीनकर दिया गया था बी ग्रेड
- सभी विभागों में तैयारियां अंतिम दौर में, पहले ही भेजी जा चुकी है रिपोर्ट

### नहीं चुना ऑनलाइन विकल्प




### कैंटिन खोला, अपडेट हो रहे विभाग

दो वर्ष पूर्व जब नैक टीम निरीक्षण के लिए आई थी, रविवि में अस्थायी रूप से कैंटिन की जगह समोसे-चाय की दुकान खोल दी गई थी। हॉस्टल में मिलने वाले भोजन, छात्रों के प्लेसमेंट सहित अन्य कई चीजों को लेकर नैक टीम ने नाराजगी जताई थी। अब रविवि ने कैंपस में स्थायी कैंटिन खोल लिया है। विभाग को अपडेट किया जा रहा है। नोटिस बोर्ड में उनकी उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के साथ ही अन्य सुविधाएं भी दुरुस्त की जा रही हैं।

### नवीन व्यवस्था से इनकार

नैक में सामने आए रिश्वत कांड के बाद यूजीसी द्वारा महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों को विकल्प प्रदान किए जा रहे हैं। यदि वे चाहें तो पूर्व की तरह ऑफलाइन निरीक्षण अपना सकते हैं, जिसमें टीम आकर दौरा करेगी और अपनी रिपोर्ट सब्मिट करेगी। इस रिपोर्ट के आधार पर संस्थान को ग्रेडिंग प्रदान की जाएगी। एक अन्य विकल्प अब ऑनलाइन निरीक्षण का भी दिया जा रहा है। इसमें टीम संस्थान का दौरा नहीं करेगी। संस्थान द्वारा भेजे गए रिपोर्ट के आधार पर उसे नैक निरीक्षण का सर्टिफिकेट दे दिया जाता है, लेकिन कोई ग्रेड नहीं दिया जाता। गौरतलब है कि कुछ दिनों पूर्व नैक टीम के सदस्य अच्छी ग्रेडिंग के बदले रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किए गए थे। इसके बाद नवीन व्यवस्था की गई थी।

# स्टेशन के नो-पार्किंग में वाहन खड़ा करना पड़ रहा महंगा, हर दिन दर्जनों वाहनों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे स्टेशन परिसर में नो पार्किंग क्षेत्रों में वाहन खड़ा करने वालों के खिलाफ रेलवे सुरक्षा बल लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। हर दिन स्टेशन से दर्जनों दोपहिया और चारपहिया वाहनों पर लॉकर लगाए जा रहे हैं, साथ ही कई गाड़ियां जब्त भी की जा रही हैं। आरपीएफ जवानों द्वारा स्टेशन पर परिजनों को छोड़ने या लेने आने वाले लोगों को नो पार्किंग में वाहन खड़ी न करने की सलाह भी दी जा रही है।

प्रभारी निरीक्षक कर्मपाल सिंह गुर्जर ने बताया कि स्टेशन परिसर को अव्यवस्थित यातायात से मुक्त रखने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मजिस्ट्रेट के निर्देश पर सप्ताह में दो दिन विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पिछले छह महीनों में 1000 से अधिक वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जा चुकी है। वहीं, हर दिन करीब दर्जन भर वाहनों पर चालानी कार्रवाई हो रही है।इस लगातार अभियान का असर भी नजर आने लगा है। लोगों में धीरे-धीरे जागरूकता बढ़ रही है और नो पार्किंग में वाहन खड़े करने की प्रवृत्ति में कमी देखी जा रही है। नो पार्किंग इलाकों की निगरानी के लिए आरपीएफ जवानों की विशेष तैनाती भी की गई है।



- स्टेशन के नो पार्किंग जोन में आरपीएफ की सख्ती
- छह माह में 1000 से ज्यादा गाड़ियों पर की कार्रवाई

### दो मिनट के लिए भी वाहन नो पार्किंग में न छोड़ें

आरपीएफ व्यवस्था सुधारने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है। नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियों को हटाया जा रहा है और चालान के साथ कई वाहनों पर लॉक भी लगाए जा रहे हैं। यात्रियों से अपील की जा रही है कि दो मिनट के लिए भी वाहन नो पार्किंग में न छोड़ें। लगातार एक महीने की कार्रवाई के बाद स्टेशन परिसर की पार्किंग व्यवस्था में सुधार देखने को मिला है।

### स्टेशन परिसर से हटाए गए अवैध ठेले

रेलवे स्टेशन परिसर में नो पार्किंग व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए सख्त कदम जा रहे उठाए हैं। स्टेशन क्षेत्र में करीब दर्जनभर नो पार्किंग बोर्ड लगाए गए हैं। अब इन निर्धारित क्षेत्रों में वाहन खड़ा करने पर आरपीएफ तत्काल कार्रवाई कर रही है। अभियान के तहत स्टेशन परिसर के अंदर से अवैध ठेले भी हटाए गए हैं। नियमों के सख्ती से पालन के लिए परिसर में सुरक्षा जवानों की तैनाती की गई है। बताया गया कि नो पार्किंग क्षेत्र में गाड़ियां खड़ी होने से अव्यवस्था फैलती थी और कुछ वाहन दिनभर खड़े रहते थे। अब स्टेशन आने वाले यात्रियों को नो पार्किंग क्षेत्र से बाहर वाहन लगाने की सख्त हिदायत दी जा रही है। पूरे स्टेशन परिसर से अव्यस्थित खड़े वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है।

# इधर एनआरआई कोटे पर संशय, उधर एमबीबीएस बीडीएस एडमिशन की काउंसिलिंग 30 जुलाई से तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक ओर निजी मेडिकल कॉलेजों की एनआरआई सीटों पर एडमिशन के नियम पर संशय बरकरार है, वहीं एमसीसी द्वारा ऑल इंडिया के साथ राज्य कोटे की सीटों पर भी एडमिशन के लिए काउंसिलिंग का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। राज्य की सीटों के लिए काउंसिलिंग 30 जुलाई से शुरू होगी। 10 शासकीय मेडिकल कॉलेजों में राज्य की 1183 सीटें और चार निजी कॉलेजों में 235 सीटें हैं। एक निजी कॉलेज पर अभी जीरो ईयर का खतरा मंडरा रहा है। राज्य में पिछले साल पांच निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस का एडमिशन पूरा हुआ था, मगर इस बार विवादों की वजह से एक कॉलेज की मान्यता पर खतरा बना हुआ है। चार कॉलेजों का रास्ता लगभग क्लीयर है, यहां मौजूद एनआरआई कोटे की सीटों पर एडमिशन के लिए शासन अब नियम में संशोधन नहीं कर पाया है, इसलिए पुराने नियम पर ही अप्रवासी भारतीय कोटे की सीटें मनमाने तरीके से वितरित किए जाने की संभावना है। एमसीसी द्वारा ऑल इंडिया के साथ राज्य कोटे की सीटों पर प्रवेश के लिए 30 जुलाई से प्रारंभ करने की तारीख तय की गई है, जो स्ट्रे राउंड के माध्यम से 29 सितंबर तक पूरी की जाएगी। काउंसिलिंग का विस्तृत विवरण चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी किया जाएगा। एनएमसी राज्य के सभी 10 शासकीय मेडिकल कॉलेजों की कमियां दूर करने की हिदायत के साथ 2025-26 के लिए मान्यता दे चुकी है, वहीं चार निजी कॉलेजों को भी अनुमति मिलने की पूरी संभावना है। एक निजी कॉलेज को छोड़ दिया जाए तो अभी राज्य के शासकीय और निजी मेडिकल कॉलेज मिलाकर राज्य कोटे की 1418 सीटें हैं।

- 29 सितंबर तक पूरा होगा प्रवेश, चिकित्सा शिक्षा संचालनालय जारी करेगा विस्तृत शेड्यूल

### बीडीएस की वही पुरानी सीटें

दंत महाविद्यालयों में बीडीएस की वहीं पुरानी सीटों पर इस बार भी एडमिशन दिया जाएगा। यहां के एक शासकीय कॉलेज के अलावा पांच निजी दंत महाविद्यालयों के कुल 600 में से 582 सीटों पर एडमिशन चिकित्सा शिक्षा संचालनालय के माध्यम से ही पूरा किया जाएगा। शासकीय कॉलेज की 18 सीटें ऑल इंडिया और सेंट्रल कोटे की हैं। डेंटल कॉलेजों द्वारा छात्रों की दिलचस्पी कम होने की वजह सीटें बढ़ाने के लिए किसी तरह की प्रक्रिया सालों से नहीं की गई है।



### कुछ कॉलेजों ने किया सीट बढ़ाने आवेदन

राज्य के एक-दो कॉलेजों ने अपनी सुविधाओं का उल्लेख करते हुए एमबीबीएस के सीटों की क्षमता बढ़ाने के लिए आवेदन किया है। इस बात की संभावना जताई गयी है कि आने वाले शिक्षण सत्र के लिए मान्यता मिलने के साथ उनकी सीटें भी बढ़ सकती हैं। सीटें बढ़ने से थोड़ी राहत मिल सकती है, क्योंकि सीबीआई की रेड के दायरे में आए एक निजी कॉलेज की 150 सीटें कम होना बड़ा नुकसान बन सकता है।

# अश्विन गर्ग बने कैट उद्योग के प्रदेश अध्यक्ष, राठी महामंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





- प्रदेशभर में कैट उद्योग का होगा विस्तार

अश्विन गर्ग कैट उद्योग के प्रदेश अध्यक्ष बनाये गये हैं। कैट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अमर पारवानी को नई प्रदेश कैट उद्योग कार्यकारिणी गठन के लिए अधिकृत किया गया। श्री पारवानी के मार्गदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने रविवार को आगामी दो वर्षों के लिए प्रदेश कैट उद्योग का गठन किया। जल्द ही प्रदेशभर में कैट उद्योग का विस्तार किया जाएगा।

श्री गर्ग की नियुक्ति कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद चांदनी चौक, नई दिल्ली प्रवीण खण्डेलवाल की अनुशंसा पर की गयी। प्रदेश कैट उद्योग कार्यकारिणी के रूप में कैट उद्योग के प्रदेश अध्यक्ष अश्विन गर्ग और प्रदेश महामंत्री सूर्या प्रकाश राठी को नियुक्त किया है।

कैट, युवा कैट, महिला कैट एवं ट्रांसपोर्ट कैट के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश महामंत्री कैट उद्योग को हार्दिक बधाई दी है।

## खबर संक्षेप

### एक्सीडेंट में पति-पत्नी घायल, अस्पताल में भर्ती

**महासमुंद।** निजी काम से तुमगांव जा रहे गोबरा नवापारा निवासी एक दंपत्ति कार की टक्कर से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल महासमुंद में भर्ती कराया गया। मामले की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम उमरपोटी थाना गोबरा नवापारा जिला रायपुर निवासी महावीर तारक पिता गोपाल तारक (25 वर्ष) एवं उसकी पत्नी बरखा तारक पति महावीर तारक (24 वर्ष) 12 जुलाई को निजी कार्य से तुमगांव गए थे। जहां से काम होने के पश्चात वे वापस अपने घर उमरपोटी वापस जा रहे थे। इसी दौरान घोड़ारी के दुबे ढाबा के पास पहुंचने पर आर्टिगा कार क्र सीजी 06 एचए 4057 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।

### मवेशियों को ओडिशा के कत्लखाना ले जाने वाले तीन लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** मवेशियों को क्रूरतापूर्वक ओडिशा के कत्लखाना ले जाने वालों पर सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की है। इस दौरान तीन मवेशियों को छुड़ाया गया। पुलिस ने बताया कि 13 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली कि एक टाटा इंट्रा पिकअप क्रमांक ओडी 08 डब्लू 6555 के डाला में अवैध रूप से पशु लोड कर नीला तिरपाल ढक कर कत्लखाना ओडिशा राज्य में विक्रय हेतु ले जाया जा रहा है। इसके बाद पुलिस नेबागबाहरा रोड फिंगेश्वर मोड़ के पास ग्राम लभराखुर्द पहुंचकर वाहन को रोका गया। वाहन में तीन व्यक्ति बैठे मिले। जिन्होंने पूछताछ में अपने नाम मनोज कुमार सुना पिता धनमत सुना (30 वर्ष) मागुपला थाना केसिंगा जिला कालाहांडी (ओडिशा), हेमसागर पुड़ पिता विसभ्त्र पुड़ (50 वर्ष) वार्ड नंबर 05 डीमनभाडी थाना टिटलागढ जिला बलांगीर (ओडिशा) तथा हरि यादव पिता लखन यादव (उम्र 24 वर्ष) वार्ड नंबर 05 डीमनभाडी थाना टिटलागढ़ जिला बलांगीर (ओडिशा) का रहने वाला बताए। इसके बाद वाहन के डाला में ढंके तिरपाल को हटाकर तलाशी लेने पर उसके अंदर तीन नग भैंस कीमत 60000 रुपए को बरामद किया गया।

**पर्व : मंदिरों में दिनभर उमड़ा भक्तों का जनसैलाब, बेलपत्र की मांग बढ़ी**

# सावन के पहले सोमवार शिवालयों में श्रद्धा का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार




सावन मास के प्रथम सोमवार शिव भक्तों के लिए आस्था, श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण रहा। जिला मुख्यालय सहित आसपास के समस्त शिव मंदिरों में भक्तों का भारी हुजूम उमड़ा। भोर होते ही मंदिरों के पट खुलते ही भक्तों की कतारें लगनी शुरू हो गईं, जो देर शाम तक अनवरत जारी रहीं।

प्राकृतिक वर्षा और सावन की पवित्रता के बीच श्रद्धालु जल, बेलपत्र, धतूरा, भस्म एवं पुष्प चढ़ाकर भगवान शिव की आराधना में लीन रहे। मुख्यालय के षष्ठी देवी मंदिर प्रांगण स्थित शिवालय, नया बस स्टैंड शिव मंदिर, सोनपुरी स्थित बाबा भूतेश्वर महादेव मंदिर सहित सभी प्रमुख शिवालयों में विशेष पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया।

महिलाएं, बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी वर्गों के लोगों ने शिवालयों में पहुंचकर जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने व्रत-उपवास रखकर दिनभर भक्ति भाव से शिव स्तुति की।

श्रावण मास का महत्व हिंदू धर्म में अत्यंत विशिष्ट माना गया है। मान्यता है कि इस मास में भगवान शिव की उपासना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं तथा कष्टों का नाश होता है। विशेषकर सोमवार का दिन शिव भक्तों के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है।



### शिवालयों में गूंजा ओम नमः शिवाय, दिनभर लगा रहा ताता

**खरोरा।** देवों के देव भगवान महादेव का प्रिय माह पवित्र श्रावण मास 11 जुलाई से 9 अगस्त तक रहेगा। इस साल सावन रक्षाबंधन के दिन खत्म होगा, जो कि 9 अगस्त को ही है। इस दौरान 4 सावन सोमवार पड़ेगा। हिन्दू पंचांग का पांचवां महीना सावन शुरू होते ही पूरे महीने भर शिवालयों में भक्तों का तांता लगेगा। बता दें कि भक्त सावन माह के सोमवार के दिन व्रत रखते हैं और पूजा अर्चना करते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार इस बार सावन का महीना खास बना हुआ है। शिव भक्त महीने 14 जुलाई को श्रावण महीने का पहला सोमवार है। सावन के पहले सोमवार पर शिव की पूजा की जाती शास्त्रों में सावन माह को भगवान शिव का अति प्रिय महीना बताया गया है। यूं तो सावन का पूरा महीना ही शिव भक्ति के लिए समर्पित है, लेकिन शास्त्रों में सावन महीने में पड़ने वाले सोमवार का बहुत अधिक महत्व बताया गया है। इस दिन भगवान शिव के निर्मित व्रत किया जाता है और उनकी विशेष रूप से पूजा-अर्चना की जाती है। ऐसे में श्रावण मास के पहले सोमवार पर भगवान शिव की कृपा से विशेष फलों की प्राप्ति के होती हैं। भगवान शिव की भक्ति और आराधना को समर्पित पावन मास सावन का आज प्रथम सोमवार है। पहले ही दिन क्षेत्र के मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक करने श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे। श्रावण मास का पहला सोमवार है मंदिरों में सुबह से ही भक्तों



का ताता लगा हुआ था । बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करने से मंदिर पहुंचे शिवालयों में हर-हर महादेव के जयकारों से नजर आ रहे हैं । आज सावन सोमवार पर ऐसे में इस दिन का महत्व कई गुना ज्यादा बढ़ गया है । राजयोग में पूजा अर्चना करने से अपार सुख समृद्धि और सौभाग्यव मिलता है। इस बार सावन महीने में 4 सोमवार इस बार सावन माह में 4 सावन सोमवार पड़ेगी। पहला सावन सोमवार 14 जुलाई, दूसरा सावन सोमवार 21 जुलाई, तीसरा सावन सोमवार 28 जुलाई और चौंथा सावन सोमवार 4 अगस्त को पड़ेगा।

# हाई स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव एवं मां भारती की प्रतिमा का आवरण समारोह हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ संडी-बंगला



शासकीय हाई स्कूल खरतोरा में शाला प्रवेश उत्सव मां भारती की मूर्ति का आवरण समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य पद्मिनी ध्रुव ने कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथियों एवं बच्चों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय विगत वर्षों में शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद के क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धिं प्राप्त की है।

कार्यक्रम के दौरान शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देवदत्त वर्मा ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने-लिखने और मां भारती की सेवा करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिससे हम अपने गांव, समाज और देश को प्रगति की राह पर ले जा सकते हैं।

पूर्व सरपंच सविता बिसेसर वर्मा ने नारी सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से बालिकाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक रहने और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने मां भारती की प्रतिमा का अनावरण कर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर सरपंच राजेंद्र भारती, शाला विकास समिति के अध्यक्ष देवदत्त वर्मा, उपसरपंच किशोर वर्मा, कमलेश यदु, संजय साहू, सुषमा वर्मा, नीरा साहू, प्रमिला वर्मा, कविता साहू, कमलेश्वरी वर्मा, सीमा साहू, जानकी साहू, चांदनी वर्मा, फुलेत यादव, प्रेमसिंग साहू, जितेंद्र साहू, हेमकुमार साहू, बिरसिंग साहू, लीलाधर साहू, भागवत साहू, अभिभावक, शिक्षकगण एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# पेंशनर संघ ने गुरु पूर्णिमा पर किया सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

गुरु पूर्णिमा पर छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ भाटापारा के पेंशनरों द्वारा गुरुओं एवं 2025 में सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान कार्यक्रम पेंशनर भवन में आयोजित किया गया। इसमें सर्वश्री पं. राधाचरण शुक्ला, आरएस शर्मा सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक एवं जेएल शुक्ला सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक का पद प्रक्षालन कर श्रीफल, धोती भेंट कर पेंशनरों द्वारा सम्मान किया गया। साथ ही 2025 में सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक सुरेश कुमार यदु एवं सेवा निवृत बीईओ केके यदु का श्रीफल एवं शाल भेंट कर सम्मान किया गया।

प्रकाश जाधव, अनुपम कुमार सिंह एसबीआई एवं सुरेश कुमार यदु ने उपस्थित अपने गुरु आर पी पटेल का श्रीफल, गमछा एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया।



### गुरु पूर्णिमा पर्व की महत्ता पर डाला प्रकाश

संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल ने गुरु वंदना- जो गुरु कृपा करें प्रस्तुत किया। दिलीप सिंह बिसेन, अनुपम कुमार सिंह मुख्य शाखा प्रबंधक एसबीआई, सुरेश कुमार यदु, के के यदु, जिला अध्यक्ष प्रकाश जाधव, एम एल वर्मा एवं पं.राधा चरण शुक्ल ने गुरु पूर्णिमा पर्व की महत्ता पर प्रकाश डाला। इसके पूर्व रायपुर से हेल्प एज इंडिया के प्रमुख मुकेश चेलक एवं उत्तम कुमार विश्वास द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को साइबर ठगी से बचने हेतु आवश्यक उपायों से सतर्क किया। उन्होंने बताया कि एम्स रायपुर एवं सिम्स बिलासपुर में चिकित्सा के उपचार में हमारे द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को मदद भी प्रदान किया जाता है। इस अवसर पर के के वर्मा, बाबूलाल निषाद, सुरेश कुमार बाजपेई, बंसी यादव एवं परेटन लाल साहू के साथ बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रघुनाथ प्रसाद पटेल द्वारा किया गया ।

# कलेक्टर ने किया पिथौरा संग्रहण केंद्र का निरीक्षण

**महासमुंद।** धान के भंडारण, सुरक्षा, परिवहन और उठाव की स्थिति का जायजा लेने सोमवार को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने पिथौरा स्थित धान संग्रहण केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए धान का शीघ्रता से उठाव सुनिश्चित किया जाए, जिससे धान की सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण रखरखाव किया जा सके। उन्होंने कहा कि धान भीगने या खराब होने की स्थिति में संभावित नुकसान को रोकना सुनिश्चित करें। मौके पर डीएमओ राठौर ने बताया कि यहां कुल 2 लाख 53 हजार क्विंटल धान का भंडारण किया गया है। जिसमें 50 हजार क्विंटल धान का डीओ (डिलीवरी ऑर्डर) पहले ही कट चुका है, इस पर कलेक्टर ने संबंधित परिवहन एजेंसी और फूड विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस धान का तत्काल उठाव प्रारंभ किया जाए और परिवहन में किसी भी प्रकार की देरी न हो।

# पेंशन प्रकरणों की समीक्षा के लिए बैठक आज

**महासमुंद।** संचालक पेंशन एवं भविष्य निधि रायपुर द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से अवगत कराया गया कि छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग द्वारा लंबित पेंशन प्रकरणों एवं आपत्तियां वाले पेंशन प्रकरणों की निरंतर समीक्षा की जा रही है। बैठक में निर्णय लिया गया कि कार्यालय से संबंधित पेंशन प्रकरण जिसमें संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर द्वारा दस्तावेजों की कमियों के कारण (रेगुलर केस/रिवाइज्ड केस) आपत्ति लगाई गई है। उन प्रकरणों में नियमानुसार आपत्ति, दस्तावेजों की कमियों को पूर्ति कर प्रकरण पुनः प्रेषित करें। संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर द्वारा पेंशन भुगतान आदेश जारी किए जा चुके हैं किन्तु विभागीय जानकारी के अभाव में पेंशन प्रकरण कोषालय स्तर पर लंबित है उक्त प्रकरणों में जानकारी पूर्ण कर पेंशन प्रकरणों का निराकरण कराने के निर्देश दिए हैं। आगामी दो माहों में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण यथाशीघ्र तैयार कर शासन के मंशानुरूप संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर को प्रेषित किए जाने कहा गया है। समय सीमा बैठक में उक्त पेशन प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी। इसके लिए समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी वस्तु स्थिति की जानकारी 15 जुलाई तक जिला कोषालय अधिकारी महासमुंद के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे। विभाग से संबंधित पेंशन प्रकरण / आपत्तिकृत पेंशन प्रकरण आभार पोर्टल पर प्रदर्शित है। आभार पोर्टल का अवलोकन कर नियमानुसार निराकरण की कार्यवाही करेंगें।

# हाईस्कूल के छात्रों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

नगर भटगांव से लगे वनांचल क्षेत्र पिरदा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफ आर निराला ने शासकीय हाई स्कूल पिरदा में विकासखण्ड एवं जिला के चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम स्वास्थ्य पर चर्चा परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रभारी प्राचार्य आमिर कुमार भोई ने अतिथियों का परिचय कराया। जिला के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफआर निराला ने स्वास्थ्य जागरूकता के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि स्कूल के बच्चों में रक्त अल्पता मतलब खून की कमी होने की सर्वे रिपोर्ट है। वहीं विकासखण्ड के शासकीय आदिवासी कन्या आश्रम पिरदा में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। बारिश के कारण मौसमी बीमारियों जैसे सर्दी-खांसी, बुखार, उल्टी, दस्त, खुजली और घाव आदि की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी कड़ी में जिला के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की उपस्थिति में कन्या छात्रावास के सभी छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में बच्चों के लक्षणों के आधार पर तुरंत दवा वितरण भी किया गया। छात्रावास में बच्चों को मिलने वाली भोजन को सी एमएचओ डॉ. एफआर निराला द्वारा चख कर परीक्षण भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफआर निराला के तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के सहायक नोडल संजीव राजेत्री, संकुल समन्वयक बोधी लाल कथकार प्रधान पाठक विमल पटेल, शिक्षिका रति साहू, शिक्षक महेंद्र कुमार सोनी, कार्तिकेस्वर सिंह नाग, करम सिंह परेस्वर, विजय प्रसाद साहू, ओमप्रकाश निराला, दरस राम जायसवाल, चुन्नू लाल साहू एवं समस्त स्कूली छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




### काउंसिलिंग से रोकी जा सकती है सिकलिंग की बीमारी

डॉक्टरों ने कहा शादी के समय काउंसिलिंग कर सिकलसेल की बीमारी को पीढ़ी दर पीढ़ी होने से बचाया जा सकता है। शादी के समय कुंडली मिलान के अलावा सिकलसेल की जांच रिपोर्ट की भी मिलान करने की रिवाज को बढ़ावा दिए जाने की जरूरत है। इसमें समाज प्रमुखों की भी भूमिका अहम है। उपस्थित बच्चों शिक्षक एवं ग्रामवासियों का सिकलिन, शुगर, बीपी, एचबी, एनीमिया आदि स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### कृमि के कारण होता है एनीमिया

डॉक्टरों ने कहा छोटे बच्चों में कृमि के कारण एनीमिया होना आम बात है, छोटे बच्चे आमतौर पर घर के आंगन में नंगे पैर खेलते हैं, जिन्हें कृमि होने की प्रबल संभावने बढ़ती है, ऐसे कृमि को नग्न आंखों से नहीं देखा जा सकता। पैर के तलवे से प्रवेश करता है। कुछ कृमि भोज्य पदार्थ के माध्यम से शरीर में प्रवेश करते है अंतड़ियों में निवास करता है अंतड़ियों में अपनी आकर एवं संख्या बढ़ते हैं। कृमि अंतड़ी में जीवित रहने के लिए बच्चों के द्वारा ग्रहण की गई पोषक पदार्थ को चुस्ता है जिसमे खून भी शामिल हैं लगातार चूसते रहने के कारण बच्चे कमजोर हो जाते है यही कारण है कि बच्चे को खून की कमी होता है।

## पेज 9 के शेष

### पुलिस की वर्दी में ...

किया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपने अपराध को स्वीकार किया कि यह कार्य बलौदाबाजार-भाटापारा पदस्थापना के दौरान किया गया। इसके पश्चात उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण की जांच विवेचना प्रचलित है। आरक्षक हेमंत नायक के आचरण को पुलिस सेवा के प्रतिकूल एवं गंभीर अपराध मानते हुए उसे तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।लेकिन एक बात से साफ है कि जब पुलिस की साइबर सेल विभाग सुरक्षित नहीं है, इसमें उन्हीं के विभाग में पदस्थ कर्मचारियों ही सेंध लगा रहे हैं, कहीं ना कहीं जा संगठित अपराध की आशंका जाहिर होती है और जो पर्दे के पीछे लोग हैं उनका भी सामने आना जरूरी है। थाना सिटी कोतवाली में धारा 166, 419, 409, 384 भादवि एवं 66C, 66डी आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।

### अलग-अलग स्थानों...

में आबकारी उपनिरीक्षक मनराखन नेताम, दिनेश कुमार साहू, पी. माधव राव, आबकारी मुख्य आरक्षक राधा गिरी गोस्वामी एवं मदन लाल ध्रुव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### डबल लॉक में ...

गुणवत्तायुक्त खाद व बीज उपलब्ध हो सके इसके लिए समितियों एवं कृषि सेवा केंद्रों का सतत निगरानी के निर्देश दिये। बताया गया कि यूरिया की रेक लगी है, जिसमें से लगभग 1750 मेट्रिक टन जिले को आवंटन मिला है।

इसके साथ ही जुलाई माह में लगभग 7000 मेट्रिक टन यूरिया मिलने की संभावना है। डबल लॉक में यूरिया 1950 मे. टन, डीएपी 335 मे. टन एसएसपी 1581 मे.टन उपलब्ध है। डीएपी के विकल्प के रूप में आधा बोरी यूरिया, 3 बोरी सुपर एसएसपी एवं 20 किलोग्राम पोटाश का मिश्रण उपयोग करने किसानों को सलाह दी जा रही है। सहकारी समितियों में यूरिया 20957 मेट्रिक टन, डीएपी 6075 में. टन, एमओपी 2652 मे. टन, एसएसपी 5850 एवं एनपीके 65777 मे. टन कुल 42111 मेट्रिक टन उर्वरक का भण्डारण किया गया है। भण्डारित उर्वरक मे से अब तक 38364 मेट्रिक टन का वितरण किया गया है।

**हाल ही में की गई थी इस मार्ग की मरम्मत**

# सुहेला-बासीन-झीपन-रावन मार्ग गड्ढे में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनाई गई सुहेला-बासीन-झीपन-रावन मार्ग की सड़क इन दिनों ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। हाल ही में मरम्मत की गई इस सड़क की हालत फिर से जर्जर हो चुकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि भारी वाहनों की लगातार आवाजाही के चलते सड़क की परतें टूट गई हैं और जगह-जगह गहरे व जानलेवा गड्ढे बन गए हैं। यह मार्ग न केवल ग्रामीणों के आवागमन का प्रमुख साधन है, बल्कि स्कूली बच्चों के लिए भी यही मुख्य रास्ता है। लेकिन वर्तमान में इसकी हालत इतनी खराब हो चुकी है कि बच्चों और स्थानीय लोगों को जान जोखिम में डालकर यात्रा करनी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जानवरों तक को इन गड्ढों में फिसलते हुए देखा गया है। ग्रामीणों के अनुसार, ग्रासिम सीमेंट प्लांट से जुड़े भारी वाहन जिनका वजन 50 से 60 टन तक होता है इस मार्ग से लगातार गुजरते हैं। जबकि यह सड़क इतनी मजबूती की नहीं है कि ऐसे वाहनों का भार सहन कर सके। इसके चलते नई मरम्मत के बावजूद सड़क एक बार फिर टूट-फूट का शिकार हो गई है।

- इस मार्ग से सीमेंट संयंत्र के दौड़ते हैं भार भरकम वाहन



ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों से मांग की कि झीपन से रावन तक की सड़क की तत्काल मरम्मत करवाई जाए, इस मार्ग पर भारी वाहनों के संचालन पर तत्काल रोक लगाई जाए, सीमेंट प्लांट प्रबंधन को उनके किए वादों का पालन करने के लिए बाध्य किया जाए, सड़क का स्थायी और मजबूत निर्माण किया जाए ताकि भविष्य में ऐसे नुकसान से बचा जा सके, प्रशासन नियमित रूप से निरीक्षण करे और समय रहते समस्या का समाधान सुनिश्चित करें। ग्रामीणों ने कहा जब प्लांट की स्थापना हुई थी, तब ग्राम को गोद लेने और विकास का वादा किया गया था। लेकिन ये वादे केवल कागजों तक ही सीमित रह गए हैं। ज़मीनी हकीकत इससे उलट है।

**समक्षः श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय (राजस्व) सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**// शपथ-पत्र//**

मै जितेन्द्र साहू उम्र 33 वर्ष श्री होरीलाल साहू जाति तेली निवासी-ग्राम तुलसी तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार (छ.ग.) आधार कार्ड नम्बर - 494042883319
शपथकर्ता निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूं :-
1) यह कि शपथकर्ता का नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2) यह कि शपथकर्ता के पुत्र का नाम समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय अभिलेखो पर भीयांशू साहू पिता श्री जितेन्द्र साहू अंकित है। जो कि वास्तविक नाम है।
3) यह कि शपथकर्ता के पुत्र के आधार कार्ड नं. 2080 7232 1326 बना है जिसमे उसका नाम मीयांशु साहू पिता जितेन्द्र साहू अंकित है। जो गलत है। वास्तिवक नाम भीयांशू साहू है।
4) यह कि शपथकर्ता अपने पुत्र के आधार कार्ड नं. 2080 7232 1326 मे उसका नाम मीयाशु साहू पिता जितेन्द्र साहू के स्थान पर भीयांशू साहू पिता श्री जितेन्द्र साहू दर्ज कराना चाहता हूं जिस हेतु मै छत्तीसगढ़ राजपत्र मे प्रकाशन कराना चाहता हूं।
5) यह कि शपथकर्ता का पुत्र भीयांशू साहू नाबालिक है, इसलिए शपथकर्ता यह शपथ पत्र उसके पिता होने के नाते प्रस्तुत कर रहा है।
अतः शपथपत्र सादर प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

-ःसत्यापन ः-
यह कि शपथपत्र कि कंडिका क्रमांक 01 से 05 में दी गई जानकारी सत्य व सही है जिसे आज दिनांक..........को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया है।
दिनांक 10-07-2025

जितेन्द्र साहू
सत्यापनकर्ता

## खबर संक्षेप



### खाद के लिए चक्कर लगा रहे गोपालपुर सोसायटी के किसान

**गोपालपुर।** कृषि साख सहकारिता मर्यादित समिति गोपालपुर के कार्य क्षेत्र में कुल 12 गांवों और 1030 किसान सदस्य है, लेकिन अभी तक इतना खाद आया, यूरीया 129.33 टन, सुपर फास्ट 50 टन, डी ए पी. 31 टन एवं पोटाश 25 टन। जबकि पिछले सत्र 2024 में इतना खाद आया यूरीया 231 टन, सुपर फास्ट 55 टन, डीएपी 106 टन, पोटाश 25 टन । ज्ञात हो कि उक्त सोसायटी मे लगभग साठ प्रतिशत किसानों को खाद वितरण हो पाया है और चालीस प्रतिशत किसानों ने खाद के लिए सोसायटी के चक्कर काट रहे हैं। किसानों ने मौखिक चर्चा के दौरान बताया कि सरकार की मंशा है, किसानों के आय को दोगुना बढ़ाने के वचन बद्ध है। सरकार के यह सोच सहरानीय एवं स्वागत योग्य है। जबकि किसानों को सही समय में खाद मिलना चाहिए, तब पैदावार में बढ़ोत्तरी होगी। अभी का समय फसल में खाद का छीड़कने का समय है। बाद में मिलेगा तो कोई मतलब नहीं होगा। अतः किसानों ने खाद को सोसायटी में भेजने की मांग शासन प्रशासन से की है। रमेश नवरत्न प्रभारी व्यवस्थापक से सम्पर्क करने पर उन्होंने बताया कि खाद जैसे आती है वितरण करते जा रहा हूं।

### लोकेश बने युवा सर्व यादव समाज के प्रदेश महामंत्री

**पलारी।** सर्व युवा यादव समाज की बैठक रविवार को न्यू राजेंद्र नगर रायपुर विजेता कॉम्प्लेक्स में हुई, बैठक सर्व यादव के प्रदेशाध्यक्ष रमेश यदु, सर्व युवा यादव युवाध्यक्ष परमेश्वर यादव, प्रदेश मीडिया प्रभारी तापेश्वर यादव एवं प्रदेश प्रवक्ता कुंजलाल यादव के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इसमें प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु की अनुशंसा पर प्रदेश युवा अध्यक्ष



परमेश्वर यदु द्वारा युवा प्रकोष्ठ का विस्तार किया गया, जिसमें पलारी के पूर्व युवा जिलाध्यक्ष लोकेश यदु को प्रदेश महामंत्री बनाया गया। साथ ही लवन से प्रशांत यादव को प्रदेश संगठन मंत्री, बलौदाबाजार शहर से दिनेश यादव को प्रदेश कार्यकारणी सदस्य एवं जिलाध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी सभापति उमेश यदु को बनाया गया। सभी की नियुक्ति पर सर्व यादव ने बधाई दी। बधाई देने वालों में रमेश यदु, बसावन यदु, राजकुमार यदु, पुहुप राम यादव, सुरेश यदु, शिवराम यादव, सुनील यदु, बोधन यादव, हरीश यादव, मनीराम यादव, संतोष यादव, भूषण यादव, किशोर यादव, इतवारी यादव, प्रकाश यादव, तरुण यादव, रितेश यादव, शनि यादव, शेखर यादव, कमलेश यदु, भेख यादव, रमैया यादव, ग़ेमू यादव, गौतम यादव, मिनेंद्र यादव, लखन यादव, हरिकीर्तन यादव, भावेश यादव, रामबचन यादव आदि शामिल हैं।

### महिलाओं ने की महादेव की पूजा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में सावन महीना का प्रथम सोमवार को महिलाओं ने भगवान महादेव की पूजा अर्चना की गई। मोनिका चंद्राकर ने कहा कि सावन महीना में भक्तों के लिए 4 सोमवार महत्वपूर्ण होते हैं। सोमवार के दिन महिलाओं ने भगवान महादेव की विशेष पूजा अर्चना करते हैं और सभी कष्ट दूर होते हैं।

## निधन

### कुंदन वर्मा

**पलारी।** नगर के वार्ड 12 के



निवासी 66 वर्षीय कुंदन वर्मा का रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार नगर के मुक्तिधाम में किया गया । वे पार्षद राधा भोला वर्मा के ससुर, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष भोला वर्मा और घनश्याम वर्मा के पिता थे।

# फसल प्रदर्शन के लिए 38 किसानों को उड़द बीज का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

एक्सटेंशन रिफार्म्स आत्मा योजनांतर्गत विकासखण्ड कसडोल के ग्राम सोनाखान, भुसड़ीपाली एवं कसौदी के 38 किसानों को फसल प्रदर्शन का आयोजन के लिए उड़द बीज का वितरण किया गया। किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न केन्द्र एवं राज्य पोषित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

वर्तमान खरीफ सीजन में डी.ए.पी. के स्थान पर एस.एस.पी. अथवा एन.पी. के. उर्वरक के उपयोग हेतु किसानों को सलाह दी गई। साथ ही विभिन्न फसलों में उर्वरकों के संतुलित उपयोग के माध्यम से खेती हेतु प्रोत्साहित किया गया। भारत सरकार के माध्यम से किसानों को रासायनिक उर्वरक की उपयोग में कमी हेतु नैनो यूरिया एवं नैनो डी.ए.पी. क़ा छिड़काव के बारे जानकारी दी गई।

इस दौरान कृषि स्थायी समिति सभापति देवसिंह यादव, जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति खेल एवं युवा कल्याण विभाग गायत्री बरिहा, जनपद सदस्य सुंदरमति बरिहा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी धनेश्वर साय, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी हेमंत डडसेना एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक योगेश सिंगौर एवं किसान उपस्थित रहे। कृषकों को प्राकृतिक, परम्परागत एवं जैविक खेती से लाभ के बारे में भी बताया गया।

## खरीफ फसल में डीएपी के स्थान पर एसएसपी या एनपीके उर्वरक के उपयोग की दी सलाह



### 11000 प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान की जायेगी

कृषक उन्नति योजना खरीफ 2025 हेतु जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी कृषकों को प्रदाय की गई, जिसके अन्तर्गत विगत खरीफ में एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत ऐसे कृषक जिन्होंने धान फसल लगाई हो तथा प्रदेश के सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया हो, उन्हें धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसल हेतु एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन तथा गिरदावरी में रकबे की पुष्टी उपरान्त मान्य रकबे पर राशि रूपये 11000 प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान की जायेगी। खरीफ में दलहन, तिलहन, मक्का, लघु धान्य फसल (कोदो, कुटकी एवं रागी) एवं कयास लेने वाले कृषकों को एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन तथा गिरदावरी में रकबे की पुष्टी उपरान्त मान्य रकबे पर राशि रूपये 10 हजार प्रति एकड़ की दर से सहायता राशि प्रदान की जाएगी। खरीफ 2025 में समितियों में धान विक्रय हेतु सभी किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य किया गया है।

## आयोजन : ज्योतिर्लिंगों के नाम पर रोपे गए पौधे, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

# अल्ट्राटेक सीमेंट कुकुरदी ने सावन के प्रथम सोमवार पर किया 1500 पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार





अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, इकाई कुकुरदी सीमेंट वर्क्स के कुकुरदी लाइमस्टोन माइंस में सावन माह के प्रथम सोमवार पर वृहद पौधारोपण का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक मूल्यों को समर्पित इस आयोजन में माइंस क्षेत्र के तीन खण्डों में प्रत्येक ज्योतिर्लिंग के नाम पर 101 पौधे लगाए गए। कुल 1500 पौधों के रोपण के साथ यह कार्यक्रम आध्यात्मिकता और पारिस्थितिकी का प्रेरणादायक उदाहरण बना। इकाई प्रमुख पवन कुलकर्णी ने कार्यक्रम में कहा, पर्यावरण संरक्षण केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के प्रति हमारा नैतिक कर्तव्य है। पौधारोपण न केवल हरियाली बढ़ाता है, बल्कि जल संरक्षण, जैव विविधता और जलवायु संतुलन के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। अल्ट्राटेक सतत विकास के प्रति सदैव प्रतिबद्ध रहा है। माइंस प्रमुख अभिषेक भारद्वाज ने इसे प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक बताते हुए कहा खनन क्षेत्रों में पौधारोपण न केवल भूमि पुनरुद्धार का माध्यम है, बल्कि यह पर्यावरणीय पुनर्संरचना की दिशा में एक ठोस कदम है।

माइंस विभाग प्रमुख सुनील शर्मा ने बताया कि, इस बार हमने धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक ज्योतिर्लिंग के नाम पर पौधों का रोपण किया है, जिससे कार्यक्रम आध्यात्मिक दृष्टिकोण से भी विशेष बन गया है।

इस सफल आयोजन में पर्यावरण अनुभाग प्रमुख डॉ. अभिषेक मिश्रा, जियोलॉजिस्ट हेमंत कुमार वर्मा, माइंस अधिकारी विजीत कुमार तभाने, माइंस मेंटेनेंस के संदीप कुमार, हॉर्टिकल्चर व सिविल विभाग प्रमुख प्रीतम जक्कनपुर एवं सीएसआर प्रतिनिधि राजेन्द्र कुशवाहा ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### प्रधानमंत्री आवास योजना के 20 हजार हितग्राहियों ने किया पौधारोपण

**बलौदाबाजार।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियो के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत जिले के 20 हजार हितग्राहियों ने सोमवार को अपने आवास में छाया व फलदायी पौधे लगाए। जानकारी के अनुसार 14 जुलाई को एक पेड़ का के नाम अभियान अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के वर्ष 2024 -25 में पूर्ण 20 हजार आवास में पौधारोपण किया गया। वर्ष 2024 -25 में जिले क़ो 48137 आवास का लक्ष्य मिला था, जिसमे से 20 हजार आवास का निर्माण पूर्ण हो गया है। इन 20 हजार पूर्ण आवास के हितग्राहियों द्वारा अपने घरों में फलदार एवं छायादार पौधे जिला प्रशासन के सहयोग से कराने का लक्ष्य रखा गया है। गौरतलब है कि राज्य शासन की मंशानुसार जिला प्रशासन द्वारा बारिश के मौसम में बृहद पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा पौधारोपण हेतु कार्ययोजना तैयार की गई है।



## सारडीह में हुआ पौधारोपण, सुरक्षा का लिया संकल्प

**पलारी।** पर्यावरण जागरूकता और हरियाली बढ़ाने की दिशा में ग्राम सारडीह में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत स्कूल परिसर, मंडी प्रांगण, मुक्तिधाम और गौठान सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों में पौधे लगाए गए। गांव के जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। ग्राम पंचायत के सहयोग से किए गए इस पहल में फलदार, छायादार और औषधीय पौधों का चयन किया गया, जिससे आने वाले वर्षों में पर्यावरण के साथ-साथ ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। कार्यक्रम के दौरान पुष्पा साहू ने कहा कि वृक्ष न केवल जीवनदायी ऑक्सीजन देते हैं, बल्कि यह प्राकृतिक आपदाओं को भी नियंत्रित करने में सहायक होते हैं। मुक्तिधाम में पौधारोपण से शांति और हरियाली का वातावरण बनेगा, वहीं गौठान में छायादार वृक्षों से मवेशियों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर सरपंच झूमुक साहू, ईश्वरी साहू, पुन्नी साहू, मोनिका साहू, संतोष टंडन, धर्मा ध्रुव, परदेशी राम साहू, सरस्वती साहू, रीना साहू, हेमलाल साहू, शिक्षक, विकलांग स्व-सहायता समूह की सदस्याएं और स्कूली विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने पौधों की देखरेख और संरक्षण की शपथ ली।



## आईसीटी लैब युक्त विद्यालयों में शुरू हुई प्री टेस्ट परीक्षा छात्र-छात्राएं उत्साहित



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार राज्य के 1036 आईसीटी लैब युक्त विद्यालयों में एडिक सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से 14 जुलाई से 10 अगस्त तक कक्षा 6वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान के आकलन हेतु प्री टेस्ट आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खरोरा में कक्षा 6वीं, 7वीं एवं 8वीं के छात्र-छात्राओं ने इस ऑनलाइन परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा में विद्यार्थियों को अंग्रेज़ी, हिंदी, गणित, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान एवं कंप्यूटर विषयों पर आधारित 25 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का उत्तर ऑनलाइन देना होता है। विद्यालय के प्रधान पाठक सुशीला वर्मा ने बताया कि इस प्रकार की परीक्षा बच्चों के लिए बहुत लाभकारी है। इससे उनमें परीक्षा के प्रति आत्मविश्वास बढ़ता है और डर समाप्त होता है। आईसीटी प्रोजेक्ट शाला प्रभारी शिक्षिका प्रीति वर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, डिजिटल क्लासरूम की यह पहल बच्चों को तकनीक से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। लर्निंग मटेरियल, लोकल होस्ट एवं एम.डी.बी. जैसे संसाधनों से बच्चे नियमित रूप से डिजिटल अध्ययन कर रहे हैं। परीक्षा का नियमित आकलन डीजी मित्र अमर बर्मन द्वारा की जा रही है। वहीं परीक्षा परिणामों की जांच प्रधान पाठक सुशीला वर्मा, जिला समन्वयक ढाकेंद्र कुमार तथा प्रोजेक्ट मैनेजर आनंद थापा द्वारा की जा रही है।

# सतनामी समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



प्रगतिशील सतनामी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास में विष्णुदेव साय से मिलकर शपथ ग्रहण समारोह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार कर 27 जुलाई को समय देने सहमति प्रदान की। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष एल एल कोसले एवं प्रदेश पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं सतनामी समाज के सत्र 2024 के 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत तक एवं उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष एलएल कोशले ने सभी का परिचय कराया।

इस अवसर पर सांसद जांजगीर-चांपा कमलेश जांगड़े, वेदराम मनहरे, प्रदेश अध्यक्ष एल एल कोशले, उपाध्यक्ष डॉ दिनेश लाल जांगड़े, महासचिव मोहन बंजारे, कोषाध्यक्ष श्याम टांडे, संरक्षक एच एल रात्रे, चतुर्वेदी, अशोक बंजारे महासचिव युवा प्रकोष्ठ, संकुल समन्वयक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम राय, नीलकमल आजाद, कृष्ण कोशले प्रमुख रूप से उपस्थित थे। प्रदेश महासचिव मोहन बंजारे ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में देशभर से समाज प्रमुख एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के मुखिया एवं जनप्रतिनिधियों एवं सर्व समाज के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया जायेगा।

# नेत्र शिविर में 189 मरीजों ने कराया परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव



गायत्री प्रज्ञापीठ धनसीर के तत्वावधान में एमजीएम आई हॉस्पिटल रायपुर के सहयोग से नेत्र परीक्षण शिविर सम्पन्न हुआ। निःशुल्क नेत्र परीक्षण के लिए धनसीर, बिलाईगढ़, भटगांव, पवनी, छिर्रा, सूतीउरकुली, पंडरीपानी, ख़जरी, भंडोरा, खुरसुला, कैथा, पिरदा, बोड़ा, सुरगुली, आमाकछार, धौराभाठा, सलिहा, गारडीह आदि जगहों से लोग परीक्षण कराने पहुंचे। शिविर में कुल 189 लोगों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया।

इसमें से कुल 67 लोगों को चश्मा वितरित किया गया तथा 45 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु 2 बसों में रायपुर रवाना किया गया। जहां निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन किया जाएगा और ऑपरेशन पश्चात सभी मरीजों को धनसीर वापस लाया जाएगा। शिविर का निर्धारित समय दोपहर 3 बजे था, किंतु लोगों के लगातार आते रहने के कारण दोपहर 4 बजे तक परीक्षण चलता रहा। दोपहर 4.30 बजे एमजीएम आई हॉस्पिटल के डॉक्टर व टीम को गायत्री परिवार को ओर से आभार व्यक्त करते हुए रवाना किया गया। इस शिविर के सफलतम आयोजन के लिए भोजन सहित पूरी व्यवस्था बनाने में रिटायर्ड सैनिक सुरेश कुमार साहू का विशेष योगदान रहा। साथ ही साहू समाज के तहसील अध्यक्ष शनि राम साहू, पूर्व सरपंच देवनारायण कुलदीप, रोजगार सहायक अजय नेताम, पंच दर्शन सिदार व गायत्री परिवार के परिजनों का सहयोग करने के लिए गायत्री प्रज्ञा परिवार की ओर से मुख्य ट्रस्टी फिरत राम साहू द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया गया ।

## कहा- वाहन चलाते मोबाइल से बाते न करें, खतरनाक हो सकता है

# कोसमंदी को अपराध मुक्त बनाने थानेदार ने ली ग्रामीणों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



विगत दिनों थाना प्रभारी हेमंत पटेल ने ग्राम कोसमंदा में ग्रामीणों के साथ बैठक की। उन्होंने समस्याओं पर चर्चा करते हुए ग्राम में अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने में सहयोग की अपील की। कहा कि अपने-अपने गांवों में अवैध रूप से होने वाले कार्यों की जानकारी पुलिस को देकर सहयोग करें। सरपंच व समाज में जिम्मेदार लोगों के सहयोग के बिना अपराध पर अंकुश लगाना संभव नहीं है। क्षेत्र में छोटी से छोटी समस्याओं से आप लोग हमें अवगत कराएं। साथ ही उन्होंने बताया कि वाहन चलाते समय मोबाइल से बाते न करे यह खतरनाक हो सकता है। वहीं मोबाइल से किसी अनजान व्यक्ति से कोई भी जानकारी साझा न करें, अन्यथा आप ठगी का शिकार हो सकते हैं। उन्होंने साइबर क्राइम एवं बीमा सहित विभिन्न सामाजिक जीवन में होने वाले घटनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तृत जानकारी दी। गौरतलब हो कि पलारी क्षेत्र में बतौर थाना प्रभारी हेमंत पटेल ने अवैध शराब की लगाम लगाने की दिशा में अहम काम किया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ग्रांम पंचायत कोसमंदा के सरपंच प्रतिनिधि लक्क्री राजा कन्नौजे, उपसरपंच प्रतिनिधि हेमंत कटियार, सचिव घासीराम टंडन, राजेश कन्नौज़े, दुर्गा बाई मानिकपुरी, नीलकंठ गायकवाड़, कमल नारायण बंजारे, अन्नपूर्णा बाई वर्मा, उषा ध्रुव, मालिकराम कन्नौजे, दयाशंकर ध्रुव, छलिया यादव, मुरारी बघेल, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि बिसौहा राम गायकवाड़, नाथूराम वर्मा, मंडी अध्यक्ष भारत लाल वर्मा, यस्थापक दुर्गा प्रसाद कन्नौजे, बीरेंद्र साहू,निरंजन कन्नौजे, सोनारदेवरी के सरपंच पूर्व सरपंच व पंचगण व समस्त गांव के वरिष्ठ नागरिक व बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

